हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

11 इंतकाल और जमाबंदी के लंबित मामलों के जल्द निपटान के निर्देश



12 बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान...



## खबर संक्षेप

### सीएम के दौरे को लेकर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**फतेहाबाद।** जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के जिला में 13 दिसंबर को प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर एमएम कॉलेज में स्थापित हैलीपेड स्थल व जनसभा स्थल के पांच किलोमीटर के क्षेत्र को रेड जोन घोषित करते हुए ड्रोन, पैरा ग्लाइडर उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के पांच हथियार, खुला पैट्रोल, डीजल की बोतल, केन व कार्यक्रम स्थल तथा उसके आसपास के 75 मीटर के दायरे में सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़ा करने पर प्रतिबंध लगाया है।

### वांछित आरोपी को गुजरात से किया काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस के पीओ स्टाफ ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी कई अभियोगों में न्यायालय में पेश न होने के कारण पीओ घोषित था। पी.ओ. स्टाफ फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र के अनुसार, गुप्त सूचना और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर पता चला कि आरोपी राहुल निवासी पटना, बिहार पूर्व में रामनिवास मोहल्ला फतेहाबाद और वर्तमान में गुजरात के भावनगर जिले के गरियाधर में छिपकर रह रहा था।

### उद्घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने 5 जुलाई 2021 को दर्ज मामले में लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी रोहित उर्फ रावत पुत्र पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया में दर्ज मुकदमों में आरोपी रोहित उर्फ रावत को न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था, क्योंकि आरोपी कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर फरार था।

### कचरा डोडा पोस्त तस्करी में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने कचरा डोडा पोस्त की तस्करी के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेन्द्र उर्फ काली उर्फ काला पुत्र जग्गा सिंह निवासी अलीका के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र ने बताया कि 4 मार्च को पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना पर गांव तमासपुर में आरोपी के घर पर रेड की गई, जहां से 10 किलो 126 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद किया गया।

### हेरोइन सहित युवक किया गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त के दौरान मंडी डबवाली से आरोपी को 6.940 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी डबवाली प्रभारी रणजोध सिंह ने बताया कि एएसआई राजेंद्र प्रसाद पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान सेठी पेट्रोल पंप वाली गली में जा रहे थे। गली में सामने से एक युवक आता दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ाहट में वापिस मुड़क़र जाने लगा। एएसआई ने शक के आधार पर साथी कर्मचारियों की सहायता से उक्त शख्स को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली।

### मारपीट व धमकी देने के मामले में महिला काबू

**फतेहाबाद।** जमीन विवाद से जुड़े मारपीट एवं धमकी के मामले में रतिया पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियां की पहचान पुनीत इंद्र कौर पत्नी हरविन्द्र सिंह निवासी टप्पा मंडी, बरनाला, पंजाब के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 3 सितंबर को शिकायतकर्ता जसवीर कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह, निवासी ढाणी लधुवास, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई।

---

- 400 किलोग्राम फूलों से किया जा रहा विशेष श्रृंगार
- हजारों की संख्या में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

# श्री श्याम मंदिर महोत्सवः ऑर्किड, गुलाब, बैजन्ती और रुद्राक्ष की खुशबू से महकेगा श्री श्याम दरबार

### प्रसिद्ध भजन वाचक यूपी से हरमिन्द्र सिंह और अनिल रजनीश शर्मा भजनों की करेंगे बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुरानी तहसील चौक स्थित श्याम मंदिर के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल संकीर्तन 14 दिसंबर को श्रीराम सेवा समिति चिल्ली वाली धर्मशाला में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जा रहा है। बाबा श्याम का 400 किलोग्राम फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। संकीर्तन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। मंदिर कमेटी के प्रधान डॉ. सुभाष शर्मा ने बताया कि श्रृंगार के लिए दिल्ली से खासतौर पर ऑर्किड, गुलाब, गोदावरी, बैजन्ती और रुद्राक्ष के फूल मंगवाए गए है। इन फूलों से बाबा श्याम का दरबार को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है।

#### मंदिर परिसर में भागवत कथा आयोजित

भगवान के वस्त्र भी विशेष ऑर्डर पर पानीपत से मंगवाए गए है। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में भजनों की गूंज और दीपों की रोशनी वातावरण को पावन बनाएगी। शर्मा ने कहा कि वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में 10 से 12 दिसंबर तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें वृंदावन से भगवताचार्य कामोद मिश्र अपनी मुखारविंद से कथा वाचन करेंगे। रविवार 14 दिसंबर को सांय 5 बजे चिल्ली वाली धर्मशाला में विशाल संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन वाचक यूपी से हरमिन्द्र सिंह रोमी, अनिल रजनीश शर्मा श्री श्याम भजनों की बरसात करेंगे।



फतेहाबाद। मंदिर में सजा श्री श्याम दरबार। फोटो: हरिभूमि

#### समारोह में निर्मला देवी होंगी मुख्य अतिथि

समारोह में मुख्य अतिथि फतेहाबाद के पूर्व एसडीएम अशोक वशिष्ट की धर्मपत्नी निर्मला देवी होंगी। अध्यक्षता अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल व ज्योति प्रचंड शारदा बंसल करेंगी। समारोह में रामसेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सर्राफ, अशोक गर्ग, राधाकृष्ण नारंग अति विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा एडवोकेट रविन्द्र तायल, अनिल असीजा, सीए सुशील सिंगला, कृष्ण नागपाल, पंकज बजाज, संजय गोयल, राजेश जिंदल, गुलशन अरोड़ा, रोहित नारंग, विनोद दधीज व विवेक अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सरदाना लाइट द्वारा आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। सुभाष शर्मा ने बताया कि संकीर्तन में बाबा श्याम को फलों, मिठाइयों और विभिन्न प्रकार के फूट्स का भोग लगाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन के दौरान 400 दर्जन केले, एक क्विंटल श्री श्याम मंदिर में बाबा श्री श्याम की प्रतिमा को दिल्ली से मंगवाए गए फूलों से सजाया जाएगा।

---

### डॉक्टर की शिकायत पर अकाउंटेंट और सहायक के खिलाफ केस दर्ज

# विश्वासपात्र बनकर डॉक्टर दंपति को लगाया 32 लाख का चूना

*2016 से चल रही गड़बड़ी, आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद मामला दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के बीघड़ चौक के पास स्थित पटियाला चिल्ड्रन एंड मेटरनिटी अस्पताल के संचालक डॉ. रवि दाबड़ा व उनकी पत्नी के साथ उन्हीं के विश्वासपात्र अकाउंटेंट और उसके सहायक ने लाखों रुपए का चूना लगाने का मामला सामने आया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर अब अकाउंटेंट कपिल कंसल और सहायक अकाउंटेंट जसविंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, सारी चपत साल 2016 में लगाई गई है। मामले की शिकायत एसपी को 19 नवंबर को दी गई, जिसके बाद मामले की जांच इकोनॉमिक सेल द्वारा करवाई गई। अब जांच के बाद दोनों आरोपियों पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पटियाला चिल्ड्रन एंड मेटरनिटी अस्पताल के संचालक डॉ. रवि कांत दावड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उन्होंने फतेहाबाद के मॉडल टाउन के कपिल कंसल को अकाउंटेंट और गांव करनौली के जसविंद्र सिंह को सहायक अकाउंटेंट रखा हुआ था। कपिल कंसल उनके साथ 30 सालों, जबकि जसविंद्र 10 सालों से साथ था। यही दोनों उनके अस्पताल का सारा लेखा-जोखा संभालते थे। यही उनके पर्सनल खर्च का भी हिसाब रखते थे। डॉ. रविकांत दावड़ा ने बताया कि कपिल कंसल और जसविंद्र सिंह ही कर्मचारियों को सैलरी देने से लेकर अस्पताल-घर के बिजली पानी तक के बिल भरने समेत तमाम खर्च का हिसाब किताब रखते थे। इसके लिए डायरी भी लगा रखी थी, जिसमें मासिक खर्च लिखकर उनके साइन करवा लेता था।

**30 साल पुराना भरोसा टूटा**





फतेहाबाद। बीघड़ चौक स्थित पटियाला चिल्ड्रन एंड मेटरनिटी अस्पताल। फोटो: हरिभूमि

#### पति को 13.73 व पत्नी को 18.54 लाख का नुकसान

*बैंक खातों की पिछले 10-11 सालों की स्टेटमेंट बैंक से ली तो पता चला कि उनके खातों से आयकर विभाग में बतौर एडवांस टैक्स जमा करवाने के लिए दी गई राशि का केवल एक हिस्सा ही जमा हुआ है। बाकी सारा पैसा कपिल और जसविंद्र ने प्रयोग कर लिया। अब लौटाने से भी साफ मना कर रहे हैं। शिकायत में डॉ. रविकांत का आरोप है कि कपिल कंसल और जसविंद्र सिंह ने दस्तावेजों में हेरफेर करके उन्हें 13 लाख 73 हजार रुपए जबकि उनकी पत्नी डॉ.अंजना को 18 लाख 54 हजार रुपए का नुकसान किया है। इस मामले में शहर थाना प्रभारी सुरेंद्रा ने बताया कि मामले डॉ. रविकांत दावड़ा की शिकायत पर आरोपी कपिल कंसल और जसविंद्र सिंह पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, आगामी जांच जारी है।*

#### हिसाब में हेराफेरी

डॉ. दावड़ा ने बताया कि वह इन दोनों कर्मचारियों को 15-15 हजार रुपए मासिक वेतन देते थे। यही दोनों उनके इनकम टैक्स भरने, इंश्योरेंस किश्तें भरने का भी लेखाजोखा रखते थे। डॉ. रविकांत ने बताया कि फरवरी 2025 में उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी डॉ. अंजना को गंभीर बीमारी है। इसी के चलते वे अपनी वसीयत तैयार करवाने में लग गए। जब उन्होंने अपने आयकर संबंधी दस्तावेज देखे और बैंक खातों की जांच की तो उनमें काफी कमियां पाई गई।

#### दूसरे सीए से जांच करवाने पर सामने आया गबन

डॉ. रविकांत के अनुसार, उन्होंने कपिल कंसल को पारिवारिक जरूरतों के लिए 20 लाख रुपए उधार दिए, जिसमें से 11 लाख 50 हजार रुपए वह वापस कर चुका है। जब भी उन्होंने हिसाब मांगा तो कपिल कंसल ने कभी भी उन्हें हिसाब नहीं दिया। डॉक्टर ने बताया कि कपिल कंसल और जसविंद्र के इस व्यवहार से उन्हें शक हुआ। इसके बाद उन्होंने किसी अन्य सीए से जांच करवाई तो पता चला कि कपिल कंसल और जसविंद्र सिंह दस्तावेजों में हेरफेर करके लाखों रुपए का गबन कर चुके हैं।

---



सिरसा। चत्तरगढ़ पट्टी पाटक पर दलदल से गुजरते वाहन चालक। फोटो: हरिभूमि

# सीवर लाइन शिफ्ट करने के नाम पर एक माह से शहरवासी परेशान

- सड़क की स्थिति दलदल जैसी, फंस जाते है वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के चत्तरगढ़ पट्टी फाटक पर सीवर लाइन शिफ्ट करने के चलते लोगों को पिछले एक माह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीती 7 नवंबर को चत्तरगढ़पट्टी मिनी बाइपास पर रेलवे फाटक के निकट गहरी खुदाई का कार्य शुरू किया गया था। तब से यहां से वाहनों का आवागमन बंद है। प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक मार्ग की भी व्यवस्था नहीं की गई। चार दिन पहले एक साइड दोपहिया वाहनों के लिए आवागमन खोला गया। लेकिन यहां पर सडक़ की स्थिति दलदल जैसी बनी हुई है। कई बार लोडिड वाहन व ट्रालियां यहां फंस जाती है, जिन्हें क्रेन की मदद से ही बाहर निकालना पड़ता है। इस दौरान छोटे वाहन चालकों को परेशानी होती है। न जाने कब लोगों को समस्या से निजात मिलेगी।

बाईपास पर स्ट्रीट लाइटें बंद चत्तरगढ़पट्टी मिनी बाइपास पर यूनिवर्सिटी है, मेडिकल कालेज का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस है और वीआईपी के आने-जाने का मुख्य रास्ता है। लेकिन इस मार्ग पर रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। कभी-कभार ही रात्रि में स्ट्रीट लाईट जलती है, शेष समय बंद ही रहती है। अंधेरे के कारण छीनाझपटी व महिला विरुद्ध अपराध की आशंका बनी रहती है।

### गोदाम में आग से लाखों का सामान जलकर राख

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव दमकोरा से जमालपुर रोड पर बने एक प्लास्टिक के गोदाम में गुरूवार सुबह बिजली की तारो में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाडियां मौके पर पहुंच गई और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के लिए गोदाम की लेबर ने भी कार्य किया है।

---

# नशा मुक्ति केंद्र में मौत मामले में परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा के नशा मुक्ति केंद्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत के मामले में गुरुवार को परिजन ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण से मिले और केंद्र संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक जसवीर सिंह की पत्नी गुरमीत कौर ने आरोप लगाया कि उसके पति की मौत सामान्य घटना नहीं बल्कि हत्या है। उसका पति जसवीर आरोपी अमनदीप सिंह के नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल था, जहां अमनदीप सिंह ने जसवीर को मारा-पीटा। जिससे उसकी मौत हो गई। गुरमीत कौर का कहना है कि आरोपी के पास नशा मुक्ति केंद्र चलाने का लाइसेंस तक नहीं है, यह केंद्र बिना सरक ारी अनुमति के चल रहा था। गुरमीत कौर का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी से मिलीभगत कर इस मामले में बीएनएस की धारा 106 लगाई है। जबकि हत्या की धारा 103 के तहत के स दर्ज कि या जाना चाहिए था। आरोप है कि उसने नशा मुक्ति केंद्र संचालक से घटना के दिन की सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा, लेकिन उसे फुटेज तक उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है, जिससे साफ है कि केंद्र संचालक ने साजिश के तहत उसके पति को मारा है।



सिरसा। कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

### मंदिर में थूकने व पेशाब करने पर दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना में गोरखनाथ मंदिर में थूकने, पेशान करने, अश्लील हरकतें करने और धार्मिक स्थल का अपमान करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान फैज मोहम्मद पुत्र सकरूला निवासी असरफाबाद थाना ताल, तहसील बड़ौत, जिला बागपत उत्तर प्रदेश हाल इमाम शाह बिलाल मस्जिद, ईदगाह कॉलोनी, टोहाना तथा राकेश उर्फ बिल्लू पुत्र अजीत सिंह निवासी सुन्दर नगर, टोहाना के रूप में हुई है।


थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि सुन्दर नगर निवासी बाबा पालाराम पुत्र फूला राम की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

# सस्पेंड पटवारी के समर्थन में उतरे ग्रामीण

- उपायुक्त से मिलकर बहाली की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल नुकसान की एक ही फोटो बार-बार अपलोड करने वाले 6 पटवारियों को प्रदेश सरकार द्वारा सस्पेंड कर दिया गया था। सीएम द्वारा फतेहाबाद जिले के गांव जांडवाला बागड़ के पटवारी सतपाल को भी सस्पेंड किया गया था। अब भट्टू क्षेत्र के ग्रामीण सस्पेंड किए गए पटवारी के समर्थन में उतर आए हैं। इस मामले में काफभ् संख्या में ग्रामीण गुरूवार को फतेहाबाद में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती से मिले और उन्हें सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर पटवारी को बहाल करने के अलावा प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



फतेहाबाद। सीएम से मिलने आए जांडवाला बागड़ के किसान।

#### आश्वासन दिया

ग्रामीणों ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रेन टूटने के कारण उनके खेतों में पानी भर गया था। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में खराबे का सर्वे हुआ था। उस समय एक-एक जगह की वीडियो बनाई गई थी। उस वीडियो में कंपनी के अधिकारी खराबे से सहमत भी थे। मगर बाद में ऑब्जेक्शन लगा दिया गया। इस कारण अब किसानों की परेशानी बढ़ गई है। प्राकृतिक आपदा से पहले ही काफी नुकसान हो चुका है। अब पर्याप्त बीमा क्लेम भी नहीं मिल रहा है। डीसी ने ग्रामीणों को उनकी मांगों को सीएम तक पहुंचाने और जल्द मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया।

---

### करोड़ों के एमएसपी घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने 13वां आरोपी किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की फसल का फर्जी पंजीकरण कर अवैध बिक्री करने वाले गिरोह के खिलाफ दर्ज मामले में 13वें आरोपी देशराज पुत्र दोगड़ राम, निवासी नूरकी अहली, फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस घोटाले में 12 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता राजेश कुमार, उप-निरीक्षक, मुख्यमंत्री उडनदस्ता, हिसार ने अपनी शिकायत में कहा था कि कस्बा रतिया और धारसूल कलां की मार्केट कमेटियों के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों ने आढ़तियों और अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर हरियाणा, जींद, कैथल, सिरसा आदि जिलों की भूमि पर फर्जी धान की फसलें पंजीकृत की, जबकि वास्तविक भूमि मालिकों ने उस वर्ष धान की खेती नहीं की थी। जांच में पाया गया कि फर्जी पंजीकरण के माध्यम से ये 22 पंजीकरणकर्ता सरकारी खरीद एजेंसियों फूड एंड सप्लाई और हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से फर्जी तरीके से धनराशि प्राप्त कर करोड़ों रुपये का सरकारी वित्तीय नुकसान कर चुके है।

---

### कार्रवाई : 621 ग्राम हेरोइन सहित करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ बरामद

# ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशनः 74 अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पिछले दस दिनों में करीब 610 स्थानों पर दबिश देकर नशा तस्करों की कमर तोड़ दी है। अभियान के तहत 36 मामलें दर्ज कर 74 अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजकर कर करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ, अवैध हथियार बरामद करने में अहम भूमिका निभाई है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने गुरुवार को बताया कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत 23 नशा तस्करों के खिलाफ 13 मामलें दर्ज कर उनके कब्जे से करोड़ो रुपए की 621 ग्राम हेरोइन व 15 किलो 510 ग्राम चूरापोस्त बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जबकि अवैध रुप से नशीली दवाइयां बेचने वालों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए 4550 नशीली गोलियां, 2100 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं।

#### अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' अभियान का उद्देश्य अपराध एवं अपराधियों पर कारगर ढग से अंकुश लगाना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सिरसा पुलिस ने 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत अपराधियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस की टीमें गांव-गांव, शहर-शहर नशा तस्करी, जुआरी, सटोरियों और आवारागर्दी व नशा तस्करों व अवैध रुप से चलाए जा रहे खुर्दे संचालकों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए 94 व्यक्तियों को 172 बीएनएसएस के तहत पाबंद किया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा सिरसा को अपराध एवं भय मुक्त, वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान लगातार चलया जा रहा है। अपराध एवं अपराधियों के नैक्सस को तोडने व अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सिरसा पुलिस लगातार अपराधियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ तोबड़-तोड़ कार्रवाई कर रही है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गांव बाजेंका क्षेत्र से एक युवक को 315 बोर अवैध पिस्तौल सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। वीरवार दोपहर तीन बजे के दौरान एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरमेश ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान कपिल के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान बाजेंका मोड़ से होते हुए हिसार रोड की तरफ जा रही थी। इस दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

अमेजिंग
शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।



## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *




## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु
नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

# बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें




प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *

**किताब:** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक:** राजा चौरसिया, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें



1
कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2
न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।


3
आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा

## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा


**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी
अंजना मनोज गर्ग

टिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख



एआई इमेज

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता
मीरा सिंह 'मीरा'



# लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर




पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192



बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में 10 शिकायतें हुई प्राप्त

**सिरसा।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को शिकायतों को निपटाने के निर्देश दिए। जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में 10 शिकायतें प्राप्त हुई।

### ओमप्रकाश के निधन पर शोक जताया

**सिरसा।** लार्ड शिवा कालेज के संरक्षक व जनसंघ के पूर्व विधायक तथा अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व अध्यक्ष सहीराम धारणीया के पुत्र ओमप्रकाश का बीमारी के चलते गत दिवस निधन हो गया। इस अवसर पर संस्थान में एक शोक सभा आयोजित की गई जिसमें संस्था के महासचिव सोमप्रकाश एडवोकेट ने बताया कि ओमप्रकाश एक संत के रूप में जीवन व्यतीत करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता थे।

### डेरा सच्चा सौदा में फ्री आई कैंप आज से

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा में तीन दिवसीय फ्री आई कैंप 12 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस बारे सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कैंप में उपचार करवाने के लिए बृहस्पतिवार तक 1500 से अधिक मरीज रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी और जरूरतमंदों को फ्री में दवाइयां भी दी जाएंगी।

### नकदी चोरी करने के मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गुरूनानकपुरा स्थित मेडिकल की दुकान में चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजय पुत्र सुरजभान निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से उसे हिसार जेल भेजा गया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि विनोद कुमार निवासी गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद, की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

### बाल भवन में पुरस्कार वितरण समारोह 16 को

**सिरसा।** जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल ने बताया 13 से 18 अक्तूबर तक आयोजित हुए बाल महोत्सव-2025 के विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए 16 दिसंबर को बाल भवन में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त विरेन्द्र सहरावत बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

### पतंजलि योग समिति की बैठक 14 दिसम्बर को

**रतिया।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, युवा भारत व पतंजलि किसान समिति जिला फतेहाबाद की बैठक 14 दिसम्बर दिन रविवार को प्रातः 10 बजे संगठन के जिला कार्यालय माडल टाऊन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी पतंजलि योग समिति के जिला मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में भारत स्वाभिमान हरियाणा के प्रभारी ईश कुमार आर्य तथा हिसार मंडल प्रभारी मदन गोपाल आर्य विशेष रुप से भाग लेंगे।

---

राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक में डीसी ने की कार्यों की समीक्षा

# इंतकाल और जमाबंदी के लंबित मामलों के जल्द निपटान के निर्देश

सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदारों से रिपोर्ट प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने इंतकाल व जमाबंदी के लंबित मामलों का जल्द निपटान करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के वीसी सभागार में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जैसे ही भू-संपत्ति की रजिस्ट्री होती है तो उसके तुरंत बाद ऑनलाइन इंतकाल करना सुनिश्चित करें ताकि भूमि रिकॉर्ड निर्धारित समय में अपडेट हो सके। नागरिकों को पारदर्शी, सुगम एवं परेशानी मुक्त राजस्व सेवाएं प्राप्त हो सके। इसके साथ ही उन्होंने इंतकाल के लंबित मामलों को भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदारों से रिपोर्ट प्राप्त की और निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन इंतकाल की प्रक्रिया पूरी करने में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी तहसीलों को सरल, निश्चित और प्रभावी प्रक्रियाएं सुनिश्चित करने को कहा, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि समय पर इंतकाल होने से नागरिकों को ऋण, मुआवजा, अनुदान एवं अन्य अधिकारों का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सकेगा।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि रजिस्ट्री सेवाएं पूर्णतय पेपरलेस और नागरिक-केंद्रित हों। इसके लिए उन्होंने सभी तहसीलों को निर्देश दिए कि रजिस्ट्री के समय ही सभी दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड किया जाए। रजिस्ट्री कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री, इंतकाल व जमाबंदी की पूरी प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी की जाये ताकि नागरिकों को सेवा गुणवत्ता में वास्तविक सुधार का अनुभव हो। उपायुक्त ने ऑनलाइन जमाबंदी के कार्यों की समीक्षा करते हुए एक-एक करके सभी तहसीलदारों से रिपोर्ट प्राप्त की।

#### जल्द करे समाधान

उपायुक्त ने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से बैठक आयोजित करके राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि मामलों के निपटान में देरी को सहन नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में जवाबदेही भी तय की जाएगी। बैठक में एसडीएम आकाश शर्मा व सुरेंद्र सिंह वीसी से जुड़े जबकि एसडीएम राजेश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल सहित संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौके पर मौजूद रहे।

#### फसल क्षति प्रविष्टियों का जल्द करे सत्यापन

उन्होंने कहा कि लंबित जमाबंदी के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाये। उन्होंने अब तक हुई दाखिल जमाबंदियों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की। उपायुक्त ने बैठक में सीएम विंडो, जनसंवाद, ग्रीवेंस केसिज, फसल मुआवजा, राजस्व न्यायालय के मामलों व आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर आदि को लेकर भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-क्षतिपूर्ति के अंतर्गत फसल क्षति प्रविष्टियों का समयबद्ध सत्यापन किया जाए तथा सभी जन शिकायतों का संवेदनशीलता एवं शीघ्रता से निपटारा किया जाए।

---



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए सीटीएम गौरव गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर में नगराधीश ने सुनीं शिकायतें

## पीपीपी, पेंशन, राशन कार्ड के मामलों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगराधीश गौरव गुप्ता ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला के सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी माध्यम से जिला प्रशासन को प्राप्त होने वाली जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार समाधान किया जाए। प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता से हो। शिकायतों के समाधान में ढिलाई किसी भी हाल में सहन नहीं होगी। समाधान शिविर में हिजरावां कलां निवासी दलबीर सिंह, एमपी रोही निवासी सुभाष, फतेहाबाद वार्ड नंबर 4, शास्त्री नगर निवासी विक्रम सिंह, ढांड निवासी सीताराम ने पीपीपी आईडी में आय कम करवाने, जांडवाला बागड़ निवासी संदीप सिंह ने केसीसी के दस्तावेज पंजीकृत करवाने, दिनेश कुमार ने पेंशन बनवाने के नाम पर सीएससी द्वारा रुपये लेने, स्थानीय भाटिया कॉलोनी निवासी कैलाश चंद व विनित कुमार ने राशन कार्ड पुनः शुरू करवाने, रोशन लाल ने डीएल में नॉन वेलिडिटी अपडेट करवाने, स्थानीय निवासी हरबंस लाल सेठी ने बीघड़ रोड पर नाली व गली मुरम्मत करवाने, गुरनाम कॉलोनी निवासी सुषमा रानी ने बीपीएल श्रेणी राशन कार्ड को गुलाबी राशन कार्ड में बहाल करने, चपला मोरी निवासी निवित कुमार ने ट्रासफार्मर को शिफ्ट करवाने तथा कुलां निवासी कमला देवी ने मृतक की बकाया पेंशन नॉमिनी को दिलवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीएसपी जगदीश काजला, डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

14 को होगा 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली का आयोजन

## दिल्ली रैली को लेकर फतेहाबाद में कांग्रेस की बैठक, कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटियां

- देशभर के अलग अलग प्रांतों और राज्यों से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते कांग्रेसजन। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला ग्राऊंड में होने जा रही 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद की बैठक रेस्ट हाऊस में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने की। बैठक में कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अरविन्द शर्मा ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में 14 दिसम्बर को होने वाली यह रैली ऐतिहासिक सिद्ध होगी। हरियाणा सहित देशभर के अलग अलग प्रांतों व राज्यों से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। इसी कड़ी में फतेहाबाद जिले सभी भी भारी तादाद में कार्यकर्ता गाड़ियों के एक बड़े काफिले के साथ 14 दिसम्बर को सुबह 7 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं की ड्युटियां लगाई गई हैं। अरविन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा की वोट चोरी अब किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि रैली में न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता, बल्कि बड़ी संख्या में दिल्ली के नागरिक भी राहुल गांधी को सुनने के लिए पहुंचेंगे।

### बंद मकान से गहने और नकदी चोरी

**टोहाना।** शहर में प्रीत हॉस्पिटल के पास स्थित एक मकान में घुसकर अज्ञात चोर हजारों की नकदी के अलावा सोने-चांदी के गहने चोरी कर फरार हो गया। चोरी की वह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें बाईक सवार एक युवक चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार होता नजर आ रहा है। इस मामले में मकान मालिक महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में महिला रीना ने बताया कि 8 दिसंबर को वह अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। जब वे वापस लौटीं, तो घर में चोरी का पता चला। चोर अलमारी में रखे 7 हजार रुपए, सोने की बालियां और चांदी की ज्वेलरी चुरा ले गया।

---

सूक्ष्म क्रियाओं से बढ़ेगी कार्य क्षमता, आयुष विभाग करवा रहा नियमित प्रशिक्षण

## सरकारी विभागों में कर्मचारियों को तनाव मुक्त रखने के लिए योग ब्रेक अनिवार्य

- तनाव-मुक्त रखने के लिए सभी विभागों में योग अभ्यास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** ब्रेक के दौरान योगासन करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

महानिदेशक आयुष हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को तनाव-मुक्त रखने हेतु प्रतिदिन 5 मिनट का योग वाई ब्रेक अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत कुर्सी पर बैठकर या खड़े होकर मात्र 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल आसानी से किया जा सकता है, जो कर्मचारियों को तनाव-मुक्त रखेगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि जिला में आयुष विभाग द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण, मानसिक तनाव से मुक्ति तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिदिन विभिन्न सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया जा रहा है। प्रतिदिन लघु सचिवालय, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग, कृषि विभाग, खेल विभाग, बिजली विभाग आदि में योग शिक्षकों द्वारा ताड़ासन, कटीचक्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी व प्राणायाम जैसी सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया जाता है।

---

युवकों ने चाकू, पाइप व राड से किए वार

## गांव काजलहेड़ी में रंजिश के चलते युवक पर तेजधार हथियारों से हमला

**फतेहाबाद।** गांव काजलहेड़ी में पुरानी रंजिश और गाली-गलौच के मामले में कुछ युवकों ने जयप्रकाश पुत्र हंसराज पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। घायल युवक का इलाज हिसार के निजी अस्पताल में चल रहा है।जयप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 दिसंबर की शाम वह और उसके ताऊ का बेटा सुरेश गणेश धर्मकांटे की छत पर खड़े थे। उसी समय नवीन पुत्र दलबीर और विपुल पुत्र राजेन्द्र सहित 4-5 अन्य युवक गाली गलौच कर रहे थे। जब जयप्रकाश ने उन्हें मना किया, तो वे 10-15 मिनट रुकने की धमकी देकर चले गए। रात करीब सवा 9 बजे जब जयप्रकाश और सुरेश छत से उतर रहे थे, तो आरोपियों ने तलवार, लोहे की पाइप और राड से हमला किया। जयप्रकाश और सुरेश की शोर-शराबे के बाद आरोपी मोटरसाइकिलों पर फरार हो गए।जयप्रकाश ने बताया कि इससे पहले 27-28 नवंबर को विपुल ने स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर विवाद शुरू किया था, जिसकी माफी लेने के बावजूद रंजिश कायम थी। पुलिस ने जयप्रकाश की हालत में सुधार होने के बाद बयान लिए और तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है।

---

मुआवजे को लेकर किसान नेताओं ने की चर्चा

## मुआवजा देने को लेकर सरकार की घोषणा किसानों के साथ क्रूर मजाक : विष्णुदत्त

- आपदा से प्रदेश भर में लगभग 31 लाख एकड़ में खड़ी फसलें प्रभावित हुई, लेकिन मुआवजा मात्र 1.20 लाख एकड़ फसलों का जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** मुआवजे को लेकर चर्चा करते किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा ने खरीफ फसलों के खराबे का मुआवजा देने बारे सरकार द्वारा की गई घोषणा को मामूली और सरकार द्वारा किसानों के साथ किया गया क्रूर मजाक बताया है। प्रदेश में 5 लाख 29 हजार किसानों ने पोर्टल पर अपने नुकसान को दर्ज करवाया परंतु इसमें से मात्र 50 हजार किसानों के लिए ही सरकार ने मुआवजे की घोषणा की है। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त शर्मा, किसान नेता रोहतास डुडी, मनीष गोरखपुरिया, अजय माचरा, संदीप कुमार ने कहा कि खरीफ की फसलों के दौरान हुई अत्यधिक बारिश,जलभराव से प्रदेश के सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए थे और धान, बाजरे, कपास, गन्ना, ग्वार इत्यादि फसलों में बड़ा भारी नुक्सान हुआ था। फतेहाबाद जिले में भी फसलों को काफी नुकसान हुआ था। इस प्राकृतिक आपदा से प्रदेश भर में लगभग 31 लाख एकड़ खड़ी फसलें प्रभावित हुई थी, लेकिन अभी जो सरकार ने मुआवजा जारी किया है वो मात्र 1 लाख 20 हजार एकड़ फसलों का ही है।

---

राजेंद्रा स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम

## लाइफ स्टाइल, आहार, स्क्रीनटाइम से बढ़ रही आंखों की समस्याएं

**सिरसा।** राजेंद्रा पब्लिक स्कूल में आंखों की देखभाल व आंखों संबंधी बीमारियों को लेकर एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें डॉ. युविका गोयल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। डॉ. युविका गोयल ने बताया कि वैश्विक स्तर पर आंखों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियों को समय के साथ बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। कुछ दशकों पहले तक आंखों की समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाले विकारों के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लाइफ स्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ा हुआ स्क्रीनटाइम भी आंखों के लिए नुकसानदायक है। इसके कारण कम दिखाई देने से लेकर, ड्राई आइज, आंखों में दर्द, ग्लूकोमा और कुछ स्थितियों में रोशनी तक चले जाने की समस्या भी देखी जा रही है। डॉ. गोयल ने बताया कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार के सेवन के साथ-साथ नियमित रूप से कुछ अभ्यास करना लाभकारी हो सकता है। पलकों को झपकाने की आदत इसमें सबसे फायदेमंद मानी जाती रही है। पलकों को झपकाने से आंखों की नमी बनी रहती है और ड्राई आइज की समस्या का जोखिम कम होता है।

---

## एशिया कबड्डी चेयरमैन का आढ़ती एसोसिएशन ने किया स्वागत



**सिरसा।** दी एसोसिएशन आढ़तियान अनाज मंडी, सिरसा ने वीरवार को मंडी में पहुंचे एशिया कबड्डी चेयरमैन गुलाब सैनी का बुक्के देकर स्वागत किया। प्रधान प्रेम बजाज ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में फोन कर मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी से मीटिंग के लिए समय मांगा था। साथ ही गुलाब सैनी ने मंडी प्रधान प्रेम बजाज को आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री नायब सैनी से सिरसा मंडी एसोसिएशन की मीटिंग के लिए समय लेंगे और जो भी मांगें होंगी, वे उस मीटिंग में रखी जाएंगी। गुलाब सैनी को मंडी के रास्तों के बारे में बताया गया, जिसपर उन्होंने मौके पर ही मार्केटिंग बोर्ड के एक्सईएन व नगर पालिका के जेई से फोन पर बात कर शिव चौक से कबीर चौक वाली सडक़ और जनता भवन वाली सडक़ के बारे में बात की, जिसपर एक्सईएन व नगर पालिका के जेई ने जल्द ही इन सडक़ों को दुरुस्त करवाए जाने और डिवाइडरों को अच्छे तरीके से बनाने का आश्वासन दिया।

### सीआरएम मशीनों की भौतिक सत्यापन अनुसूचि जारी

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत श्रेणी में किसानों द्वारा सब्सिडी पर खरीदी गई फसल अवशेष प्रबंधन यानि सीआरएम मशीनों का भौतिक सत्यापन 12 से 14 दिसंबर, तक सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक निदेशालय द्वारा निर्धारित किया गया है। यह सत्यापन उन मशीनों का होगा जिनके बिल एक दिसंबर से 10 दिसंबर तक विभाग के पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं। सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर को कृषि यंत्र सुपर सीडर का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक टोहाना, जाखल, रतिया, नागपुर व भूना के लिए अनाज मंडी धारसूल कलां में तथा ब्लॉक फतेहाबाद, भट्टू कलां, रतिया, नागपुर व भूना के लिए सिटी पुलिस स्टेशन सेक्टर 10 फतेहाबाद में किया जाएगा।

---

जागरुकता | समैण सरकारी स्कूल के छात्रों ने किया लघु सचिवालय का शैक्षणिक भ्रमण

विभिन्न सरकारी योजनाओं की रूपरेखा की जानकारी साझा की

# एसडीएम ने छात्रों को प्रशासनिक तंत्र की भूमिका और महत्त्व से कराया परिचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना


**टोहाना।** बच्चों को जानकारी देते एसडीएम।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समैन के छात्रों ने वीरवार को लघु सचिवालय टोहाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, विभागीय संरचना तथा शासन प्रणाली की वास्तविक प्रक्रियाओं को नजदीक से समझने का अवसर मिला। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाना तथा प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली से अवगत कराना था। दौरे के दौरान छात्र एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें प्रशासनिक सेवाओं की महत्ता के बारे में बताया। एसडीएम ने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने, कानून व्यवस्था के महत्व को समझने और समाज हित में सकारात्मक योगदान देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की रूपरेखा व उनके क्रियान्वयन से संबंधित औपचारिक जानकारी भी साझा की।

#### इंटरैक्टिव सत्र ने बढ़ाई प्रशासनिक समझ

इस दौरान छात्र विभिन्न विभागों के कार्यालयों में पहुंचे, जहाँ संबंधित अधिकारियों ने विभागीय दायित्वों, दैनिक कार्यों तथा जनसेवा से जुड़े प्रक्रियात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने विभागीय अभिलेख प्रबंधन, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा कार्यालय संचालन की पद्धतियों को भी व्यवस्थित रूप से जाना। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अधिकारियों से कई प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर अधिकारियों ने सरल और स्पष्ट भाषा में दिए। इस इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों की जिज्ञासा और समझ को दृढ़ किया तथा प्रशासनिक तंत्र के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रिंसिपल सुशील कुमार ने लघु सचिवालय द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों में प्रशासनिक समझ, जिम्मेदारी की भावना और वास्तविक अनुभव विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों को इस अनुभव से अधिकतम सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अध्यापक वीरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

